तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर ... अहकाम ... हुक्म ... में जारी हु...
26/08/22	पत्रावली आज पेश हुई। वकील प्रार्थीगण अनुपस्थित। प्रार्थीगण व प्रार्थीगण के अधिवक्ता को कोर्ट समय में तीन बार तीन-तीन आवाजें दिलाई गयी। बावजूद आवाजें दिलाने के प्रार्थीगण व प्रार्थीगण के अधिवक्ता अनुपस्थित। अतः उक्त अवमान प्रकरण में इस न्यायालय द्वारा जारी अंतरिम निषेधाज्ञा दिनांक 02/12/2019 निरस्त की जाकर प्रकरण प्रार्थीगण की अदम हाजरी व अदम पैरवी में खारिज किया जाता है। पत्रावली नियम मुताबिक होकर दाखिल दफ्तर हो।	

Signature Not Verified
Digitally signed by Pramod Kumar
Date: 2022.09.20 11:14:01 IST
Reason: SelfAttested

...केस्टर, गुलाबपुरा

A.C.& SDO-gudamalani pag n-1

।।श्री।।

सेवामे,

श्रीमान सहायक कलक्टर एव एसडीओ महोदयजी,
गुडामालानी – बाडमेर

प्रार्थीगण :–

1. सरस्वती पुत्री आसुराम उम्र 12 वर्ष
2. मनीषा पुत्री आसुराम उम्र 8 वर्ष प्रार्थी सख्या 1 व 2 नाबालिक वलिये माता श्रीमति सुगणी पत्नी आसूराम
3. श्रीमति सुगणी देवी पत्नी आसुराम उम्र 35 वर्ष जाति विश्नोई निवासी गोदारो की ढाणी गाधव कला तहसील गुडामालानी हाल निवासी केरीया तहसील चितलवाना जिला जालौर

बनाम

विप्रार्थीगण :–

1. हेमराज पुत्र काछबाराम उम्र 60 वर्ष
2. आसुराम पुत्र हेमराज उम्र 40 वर्ष
3. मिसरा पुत्र काछबाराम उम्र 70 वर्ष
4. प्रेलाद पुत्र काछबाराम उम्र 64 वर्ष
5. कानाराम पुत्र काछबाराम उम्र 62 वर्ष
6. धीमाराम पुत्र काछबाराम उम्र 55 वर्ष जाति विश्नोई निवासी गोदारो की ढाणी गाधव कला तहसील गुडामालानी जिला बाडमेर
7. शाखा प्रबन्धक ,धी रा भू वि बैक लि बालोतरा शाखा धोरीमना जिला बाडमेर
8. उप पंजियक एव तहसीलदार गुडामालानी

Signature Not Verified
Digitally signed by Pramod Kumar
Date: 2022.09.20 11:14:01 IST
Reason: SelfAttested

सुगणी

राजस्व आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 212 राजस्थान काश्तकारी . अधिनियम सपठित आदेश 39 नियम 1 व 2 व्यवहार प्रकिया सहिता वास्ते अस्थाई निषेधाज्ञा

महोदयजी

प्रार्थीगण का आवेदन पत्र निम्न प्रकार से है :–

1. कि प्रार्थीगण ने माननीय न्यायालय मे एक वाद अन्तर्गत धारा 88,,188,209 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम सपठित धारा 6 हिन्दु उतराधिकार अधिनियम पेश किया है जिसमे वर्णित तथ्यो एव दस्तावेजो से प्रथम द्धष्टया प्रमाणित होने से सफलता मिलने की पुर्ण सम्भावना है

2. कि प्रार्थीगण के परदादा स्वर्गीय काछबाराम के नाम से वक्त सेटलमेन्ट मौजा गोदारो की ढाणी तहसील गुडामालानी जिला बाडमेर मे खातेदारी खेत खसरा नम्बर 3 रकबा 26.08 बीधा किस्म बारानी दोयम , खसरा नम्बर 8 रकबा 1.03 बीधा किस्म बारानी दोयम, खसरा नम्बर 13/1 रकबा 2.16 बीधा किस्म बारानी दोयम, खसरा नम्बर 13/3 रकबा 3.11 वीधा किस्म बारानी दोयम , खसरा नम्बर 63 रकबा 0,01 वीधा किस्म गेर मुमकिन , खसरा नम्बर 64 रकबा 4.04 बीधा किस्म बारानी दोयम , खसरा नम्बर 66 रकबा 14.01 बीधाा किस्म बारानी सोयम , खसरा नम्बर 70 रकबा 6.05 बीधा किस्म बारानी सोयम , खसरा नम्बर 73 रकबा 11,10 बीधा किस्म बारानी सोयम व खसरा नम्बर 76 रकबा 36.10 बीधा किस्म बारानी सोयम के नाम से दर्ज हुए थें। काछबाराम के स्वर्गवास के बाद हिन्दु विधी से शासित होने से धारा 40 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम के जरिये हिन्दु उत्तराधिकार अधिनियम 1956 की धारा 8 के तहत काछबाराम के पांच पुत्र कमेश मिसरा , पैलाद ,कानाराम, हेमराज, धीमाराम व केली बेवा काछबाराम के नाम राजस्व रेकर्ड मे दर्ज हुई। केली के देहान्त होने पर जरिये नामान्तरण सख्या 244 नाम हटाया गया जिसके बाद वर्तमान मे हेमराज का 1/5 हिस्सा है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Pramod Kumar
Date: 2022.09.20 11:14:01 IST
Reason: SelfAttested